



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 206 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 10 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया


## जब हारना ही था तो चुनाव मैदान में होने का नाटक क्यों किया जा रहा है..!

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव का प्रचार अंतिम दौर में पहुंच रहा है। चौथे दिन 13 मई को मतदान होने के 36 घंटे पहले अर्थात 11 मई को प्रचार बंद हो जाएगा। अत: बचे हुए समय में जो प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे होते हैं, तूफानी जनसंपर्क करते हैं। संगठन के कार्यकर्ता भी गलियों - गलियों तक घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से मुलाकात कर अनुनय विनय कर अपने दल के प्रत्याशी का प्रचार करते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार में ऐसा जब कहीं भी नजर नहीं आया तो लगा कि इंदौर में कांग्रेस के अक्षय बम ने चुनावी मैदान से हटकर समर्पण किया था। इधर दिलीप गुर्जर मैदान में रहकर अपने मतदाताओं और दल को धता बता कर विरोधी की इज्जत बढ़ाने के लिए उपस्थिति बनाए हुए हैं।

वे अदृश्य में समर्पण कर देव दर्शन और जन दर्शन को घूम रहे थे। कल के जन दर्शन और मुलाकात के स्व प्रचार आयोजन में मुख्य हिस्सा मंडी के खाते में गया है। अत: समर्पण औपचारिक ही सही पर अदृश्य मोड में रखा गया है। क्योंकि, इंदौर में अक्षय बम के नाम वापस लेने के कारण भाजपा प्रत्याशी को जीत तो उनकी निश्चितता के दायरे में अभी से जमा हो चुकी है। इससे ज्यादा उनके साथियों की बम से समर्पण करने की हरकत के कारण मैदान में चुनाव लड़े बगैर जीतने का अपमान सार्वजनिक और स्थाई दंश बनकर सांसद शंकर लालवानी और उनके सृजनकारों को अंतरआत्मा तक कचोट रहा है। मंदसौर संसदीय सीट पर भी कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर भी भाजपा प्रत्याशी को जीताने को आतुर नजर आ रहे हैं। पर तरीका बदला हुआ है कि खुद भी कांग्रेस और क्षेत्र की जनमत की नजरों में गिरना नहीं चाहते थे। ताकि सुधीर गुप्ता के जीतने के बाद भी कोई निंदा ना हो। समर्पण कर चुके प्रत्याशी की तरह गुरुवार सुबह ही बालाजी मंदिर दर्शन करने पहुंचे दिलीप गुर्जर जिला अध्यक्ष विपिन जैन के साथ पहुंचे थे। जितने भी लोग वहां दर्शन करने आए थे, किसी से प्रणाम अभिवादन वोट मांगने की रस्म अदा करते ना विपिन जैन नजर आए ना ही दिलीप गुर्जर। यही नहीं नगर में जाने-माने दो पत्रकार भी इस वक्त परिसर में थे। उनसे भी साथ वालों ने परिचय कराने तक का काम नहीं किया। इसी कारण इन बातों को बल मिल रहा है कि जिला कांग्रेस पर कब्जाधारी गैंग भी सुपारीबाजी में शामिल है। समर्पित कांग्रेसी बेकार परेशान होते नजर आ रहे हैं। कहावत है ना खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है, वैसा ही कांग्रेसी कर रहे हैं। जिस शैली मैं प्रत्याशी दिलीप गुर्जर चुनाव लड़ रहे है, उसी शैली में जिला संगठन काम को अंजाम दे रहा है।

### दुबई के दामाद ने पिता-पुत्र को फंसाने की रची थी साजिश...

# बोतलगंज के शाहरुख को किया था 20 हजार में हायर

**इंदौर/मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** दुबई के दामाद ने मंदसौर के डॉ भरत संगतानी और उनके पिता को फंसाने के लिए साजिश रची थी। जिसमें बोतलगंज के शाहरुख को हायर किया था। हालांकि इंदौर पुलिस ने पूरे खेल का खुलासा कर दिया। इसी दुबई के दामाद ने आपसी रंजिश के चलते अपने साले डॉ भरत संगतानी को दुष्कर्म में फंसाने के लिए साजिश रची थी। इसके लिए एक युवती को लालच देकर उनकी झूठी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। इंदौर पुलिस की पूछताछ में यह सच सामने आया है।

**[ डा. संगतानी को फंसाने के लिए युवती को दिया था लालच..? ]**

दुबई वाले दामाद कमलेश चंदन कुमार ने मंदसौर में रह रहे डॉक्टर ससुर डॉ संगतानी के खिलाफ बड़ी साजिश रची। पूरा खेल उसने अपने ससुर और पत्नी को फंसाने के लिए खेला। पत्नी ने अननैचुरल सेक्स के मामले में दुबई में रह रहे पति को जैल भिजवाया था। आरोपी दुबई में एक टेक्सटाइल कारोबारी है। उसने 20 हजार रुपए में एक किडनैपर हायर कर किडनैपिंग की झूठी कहानी रची और अपने ससुर से फिरौती की मांग की। साथ ही ससुर और पत्नी को किडनैपर से मैसेज भिजवाए। वह किडनैपर एक दिहाड़ी मजदूर है। मामला दर्ज होने के बाद इंदौर पुलिस ने उसके खेल का पर्दाफाश कर दिया।

दुबई वाले दामाद ने बेहद शातिराना अंदाज में अपने अपहरण की साजिश रची थी। उसने सीसीटीवी में वीडियो रेकॉर्ड करवाने के लिए मजदूर को चाकू लेकर घर बुलाया। फिर अपनी कार से छोटी ग्वालटोली स्थित एक होटल पहुंचा। मगर उसकी चाल की पोल कुछ घंटों में खुल गई।

#### थाने में धमकी की शिकायत की...

एडिशनल डीसीपी आनंद यादव के मुताबिक, ओरेंज काउंट्री त्रिवेणी कॉलोनी निवासी कमलेश चंदन कुमार सोमवार शाम घबराते हुए थाने पहुंचा और कहा कि उसे फोन पर धमकी मिली है। कमलेश ने पुलिस को लिखित और ऑडियो मैसेज के साथ सीसीटीवी फुटेज भी दिए। उसने कहा कि बदमाश चाकू लेकर घर तक आ गए, उसे जान का खतरा है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई जगह सर्चिंग की। फिर साइबर एक्सपर्ट की मदद से आरोपी के लोकेशन निकलवाएं, देर रात पुलिस ने छोटी ग्वालटोली स्थित एक होटल से आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया।

#### और शाहरुख टूट गया...

पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर शाहरुख टूट गया और उसने सच बता दिया। मंगलवार की रात पुलिस ने पूछताछ के लिए कमलेश को थाने बुलाया, उसने बताया कि वह मूल रूप से मंदसौर का है, ससुराल भी वहीं है। 6 साल से पत्नी बच्चे को लेकर इंदौर में है। पिछले दिनों पत्नी ने प्रकरण दर्ज करा कर उसे जैल भिजवाया था। इसी का बदला लेने के लिए उसने शाहरुख को 20 हजार में हायर कर फिरौती की साजिश रची थी। पुलिस ने शाहरुख को पकड़ा तो उसने आरोपी की पत्नी और ससुर के ही नाम बताए।

#### साले को भी नहीं छोड़ा...

एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया कि कुछ समय पहले कमलेश ने साले भरत संगतानी के क्लिनिक पर काम करने वाली युवती को लालच देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। कमल के ससुर और साला डॉक्टर हैं। कमल ने दो दिन पहले ही मंदसौर के बोतलगंज निवासी शाहरुख को 20 हजार में हायर कर फिरौती की साजिश रची थी। वहीं, जूनी इंदौर पुलिस ने झूठी रिपोर्ट लिखवाने पर कारोबारी के विरूद्ध कार्रवाई की है। अब मंदसौर शहर कोतवाली पुलिस भी अपने यहां दर्ज कर मामले में नये सिरे से तहकीकात करेंगी।



## दो महीने बाद एलपीजी सिलेंडर पर बंद होगी सब्सिडी..?

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** सभी श्रेणी के एलपीजी गैस कनेक्शन धारकों को अब ईकेवासी (बायो मैट्रिक सत्यापन) करवाना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर पहले आपकी सब्सिडी रुक जाएगी। इसके बाद भी अगर ई-केवायसी नहीं कराई तो गैस सिलेंडर की रिफिलिंग रोकने जैसे कदम उठाए जाएंगे। इसको लेकर केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने आदेश जारी किए हैं। जिले में अभी तक 10 प्रतिशत उपभोक्ताओं के ही ईकेवायसी हुए हैं।केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने गैस कंपनियों को देशभर में अपने-अपने वितरकों को प्रत्येक उपभोक्ता की ईकेवायसी दो माह में पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को जागरुक करने व उन्हें एमएमएस से अलर्ट मैसेज भेजने को कहा है। पहले उज्ज्वला और बीपीएल गैस कनेक्शन धारकों के लिए ईकेवायसी की गई है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार सभी एलपीजी कनेक्शनधारियों की ईकेवायसी के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने निर्देश जारी किए हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को गैस वितरण एजेंसी पर जाकर ईकेवायसी अपडेट कराना होगी। ऐसा नहीं करने पर पहले सब्सिडी रोकी जाएगी। इसके बाद भी ध्यान नहीं देने पर मंत्रालय के निर्देश पर रीफिलिंग रोकने की कारवाई की जाएगी।

**4 स्टेप्स में आसानी से होगी ईकेवायसी-** ✻ ईकेवायसी के लिए संबंधित कनेक्शन धारक को गैस एजेन्सी पर जाना होगा। ✻ इसके लिए गैस कनेक्शन वाली डायरी, आधारकार्ड के साथ ले जाना होगा। ✻ आपकी डायरी और आधारकार्ड के साथ ही बायोमैट्रिक तरीके से आंखों और अंगूठे को स्कैन किया जाएगा। ✻ सत्यापन के बाद गैस एजेंसी संचालक द्वारा आपकी ई-केवाइसी कर दी जाएगी।

## नीमच: मंडी सुरक्षाकर्मियों ने किसान को पीटा

**[ 4 घंटे तक नीलामी रही बंद, 4 सुरक्षाकर्मी निलंबित ]**

**नीमच, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की सबसे बड़ी मसाला और औषधि उपज मंडी कहे जाने वाली नीमच की कृषि उपज मंडी में एक किसान के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट कर दी। जिसमें किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। मंडी के सुरक्षाकर्मियों द्वारा लाठी-डंडों से किसान को पीटा गया। जिसमें उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट आई है साथ ही उसके कपड़े भी फट गए।

मारपीट के बाद मंडी में हंगामा हो गया और नीलामी को रोक दिया गया। वहीं हंगामे की सूचना पर तहसीलदार संजीव मालवीय, थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, मंडी सचिव उमेश बसेड़िया शर्मा सहित पुलिस मंडी के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचें। किसान की शिकायत पर मारपीट करने वाले चारों सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने भी प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि विवाद तब शुरु हुआ जब जावद तहसील के हनुमंतिया गांव का किसान दीपक धाकड़ अपनी लहसुन की उपज मंडी में लेकर आया था। मुख्य गेट पर भी बंद होने चलते किसान ने दूसरे रास्ते से अपना वाहन मंडी में प्रवेश करवा दिया। किसान का आरोप है की इस वजह से मंडी के गार्डों नें किसान से खर्चे पानी के नाम पर पैसों की मांग की, जिस पर किसान ने पैसे देने से मना कर दिया। तो मंडी के चार सुरक्षा कर्मियों ने किसान की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस घटना के बाद मंडी में हंगामा हो गया। मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी और मंडी के कर्मचारी भी पहुंचे। काफी देर तक हंगामा होता रहा। इसके चलते करीब चार घंटे तक मंडी का नीलामी कार्य बाधित रहा। फिलहाल मंडी प्रशासन ने आरोपी सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। वहीं पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने भी मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है।

#### इनका कहना...

मंडी की सुरक्षा का जिम्मा लेने वाली कंपनी के चार सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया है, आगे उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। किसानों को इस तरह अवैध पैसा नहीं देना चाहिए और ऐसा कोई करता है तो उसकी शिकायत करनी चाहिए।

**उमेश बसेड़िया, मंडी सचिव नीमच।**

## अधिकारी अपना लेवल आफ अलर्टनेस बनाए रखें- राजन

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने चौथे चरण के लिये 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क करें, उनसे संवाद करें। उनकी शंकाओ का समाधान करें और गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधाओं के बारे में भी बतायें। मतदाता वोट देने मतदान केन्द्र तक आयें, इसके लिये सभी जरूरी प्रबंध किये जायें।श्री राजन ने कहा कि मतदाता जागरुकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जाये। गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर छाया, शीतल जल, बैठने की व्यवस्था, कूलर, पंखे, दवा सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं। सभी अधिकारी अपने लेवल ऑफ अलर्टनेस को बनाये रखें। मतदाताओं का स्वागत आम का पना, शरबत, छाछ आदि से करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के साथ-साथ मतदान सामग्री वितरण स्थल पर भी सभी समुचित व्यवस्थाएं की जायें। सामग्री वितरण स्थल पर मिनी अस्पताल, मिनी आईसीयू जैसी व्यवस्थाएं की जा सकती है। मतदान दलों को शीतल जलपान करायें।

## नगर आगमन पर स्वागत है ऐसे जीतू पटवारी का..!

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** ऐसे जीतू पटवारी आज नगर में विचरण करेंगे, जैसे रोज ही सड़कों के बीच चौराहे पर आवागमन में अवरोध करने वालों के कभी समूह तो कभी एकल दृश्य में नजर आते हैं। ऐसे जीतू पटवारी जिन्होंने मंत्री रहते अपने ऑफिस आए समर्थकों को केमरे के सामने धक्का देकर बाहर जाने का सम्मान नवाजा था। ऐसे जीतू पटवारी जो अपने ही मुख्यमंत्री की प्रेस वार्ता के बीच में उचक कर बलात ही अपना ज्ञानी वक्तव्य परोसने पर कैमरे के सामने कमलनाथ का उलाहना सुनकर भी दर्शकों के सामने शरमाते नहीं, असहज नहीं होते हैं। उल्टे बार-बार अपने ज्ञान का दुरुपयोग करते हुए बड़बोलेपन का प्रदर्शन जारी रखते हैं। ऐसे जीतू पटवारी आज अपने शहर आए हैं, जिन्हें हर राजनीतिक घटना का पूर्वाभास होता ही रहता है।

बावजूद इसके जब हरदीप डंग ने कांग्रेस छोड़ दी तो सार्वजनिक मंचों से दहाड़ कर बोले थे कि मैंने टिकट दिलाया था। पाठक से बड़बोला पन्ना समझे मंच पर बैठे पूर्व मंत्री नरेंद्र नाटा इसे जीतू का बड़बोलापन न समझे। मंच पर बैठे पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा से हां भी भरवाई थी। ऐसे जीतू पटवारी आ रहे हैं, जो सांवेर उपचुनाव में न्यूज़ चैनल केमरे वालों को साथ लेकर बुजुर्ग महिला से भाजपा सरकार के खिलाफ कहलवाना चाहते थे। पर महिला ने शिवराज की तारीफ करते हुए बड़बोले नेता की बोलती बंद कर दी थी। ऐसे जीतू पटवारी आ रहे हैं जो कि बीते विधानसभा चुनाव में बैठक में सभा में आए अपने कार्यकर्ताओं से पहले उनके मोबाइल फोन बंद करवाते थे। फिर डींगे के हांकते थे कि प्रदेश का एकमात्र विधायक प्रत्याशी हूं। जिसे हरवाने के लिए पूरी एनडीए सरकार लगी हुई है। राऊ के आसपास के उनकी अपनी विधानसभा क्षेत्र के अनेकों पदाधिकारी को आश्वस्त करते रहे हैं कि मेरे पास छोटे काम मत लाओ, अपन अगले मुख्यमंत्री की दौड़ में है ! ऐसे ही और दर्जनों बड़ेबोले वक्तव्य के धनी और नारियों के नाम का रस निकालने वाले जीतू पटवारी आज पशुपतिनाथ के दशपुर में भी कुछ बोलेंगे तो बड़ा ही बोलेंगे या बहुत ही बड़ा पर छोटा या कर्णप्रिय..!











# सभी सेक्टर अधिकारी मतदान सम्पन्न होने तक निरंतर भ्रमण करें एवं हमेशा अलर्ट रहें-कलेक्टर

## सेक्टर ऑफिसर एवं पुलिस ऑफिसर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** 23 मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसर एवं पुलिस ऑफिसर का प्रशिक्षण कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधिक्षक श्री अनुराग सुजानिया, एएसी श्री गौतम सोलंकी, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, वन मंडल अधिकारी, , उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र परमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के रिर्टनिंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर डॉ. जै.के. जैन ने दिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने कहा की सभी सेक्टर अधिकारी मतदान सम्पन्न होने तक निरंतर अपने सेक्टर का भ्रमण करें एवं अलर्ट मोड में रहे। कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसका विशेष ध्यान रखें। वृद्धजन, दिव्यांग, प्रसुति महिलाओं मतदातओं को मतदान करने में कोई असुविधा न हो इसके लिये उनका वोटिंग पहले प्राथमिकता से करवाएं। कोई मतदाता मतदान करने से छूट न जाये इस बात का विशेष ध्यान रखें। समय-समय पर अपने सेक्टर के मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर जानकारी लेते रहें। पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने कहा कि सभी अपने उत्तरदायित्व को ध्यान मे रखकर कार्य करें। प्रशिक्षण में जो बाते बताई गई है उसे ध्यान से ग्रहण करें। आप सभी को मतदाता एवं मतदानकर्मी के बीच सेतु का कार्य करना हैं अपने सेक्टर की लगातार मानिटरिंग करते रहें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर अधिकारियों को उनके कार्य, दायित्व एवं कर्तव्य के बारे में बताया एवं निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देशों के बारे में अवगत कराया। प्रशिक्षण में सभी को आदर्श आचार संहिता के संबंध में निर्वाचन संबंधी कानूनी व्यवस्था, मतदान केन्द्र का सत्यापन, वोटिंग मशीन की कार्य प्रणाली इसके प्रोटोकॉल संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई एवं ईवीएम वीवीपैट का हेंडऑन प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मोकपोल के संबंधी में आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्र पर मोकपाल के संबंध में मतदान की जॉच करें। मतदान दिवस के दौरान केन्द्र पर कोई अनावश्यक घटना न होने पाये इसका विशेष ध्यान देवें। मतदान केन्द्र के अंदर मोबाईल पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। केवल पीठासीन अधिकारी को ही अपने मोबाईल के उपयोग की अनुमति होगी। मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली व्यवस्था का निरीक्षण करें एवं मतदान केंद्र के 100 से 200 मीटर की परिधि में की जाने वाली कार्य प्रणाली एवं व्यवस्थाएं के संबंध में आवश्यक जॉच करें। मतदान की सुरक्षा एवं गोपनीयता का विशेष तोर पर ध्यान देवे यह आपकी जिम्मेदारी हैं, सभी सेक्टर की सतत मानिटरिंग करते रहें।

## 5 दिन से लापता युवक का शव कुए में मिला

**पिपलियामंडी, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** 5 दिन से लापता से लापता व्यक्ति की लाश कुए में मिली। जानकारी के अनुसार थड़ोद अबरार (45) पिता अख्तर पठान का शव गुरुवार की शाम गांव थड़ोद में टोल टेक्स के समीपी वेयर हाउस के पीछे स्थित रवि पिता ओमप्रकाश गायरी के कुए में मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची, ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया। उल्लेखनीय है कि अख्तर 4 मई से लापता था। जिसकी शिकायत परिजनों ने मंदसौर सिटी कोतवाली थाने पर दर्ज कराई थी। टीआई नीरज सारवान ने बताया पिपलिया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है, मौत के कारणों का पता नही चल पाया है।

# डा.बटवाल बने जनपरिषद के प्रांतीय सहसचिव, प्रांतीय समिति का हुआ पुनर्गठन

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक श्री रामजी श्रीवास्तव की अनुशंसा पर जन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री एन के त्रिपाठी ने समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री घनश्याम बटवाल को जन परिषद का प्रांतीय सह सचिव मनोनीत किया है। जनपरिषद की प्रांतीय इकाई पुनर्गठन में पूर्व आईएएस श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, पूर्व आईपीएस श्री महान भारत सागर उपाध्यक्ष, आष्ठ के श्री रऊफ खान लाला, भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री रघुवीर तिवारी, श्री नितिन श्रीवास्तव एवं अन्य प्रांतीय सचिव मनोनीत किये गए हैं। मंदसौर के डॉ बटवाल के साथ श्री अरुण खरे, श्री सुधीर विद्यार्थी (दमोह), श्री राजेश प्रखर (कटनी), श्री शुभदीप खरे (शहडोल) आदि जॉइन्ट सेक्रेटरी बनाये गए हैं। श्री बलराम जसूजा एवं श्री अरविंद श्रीवास्तव अनुशासन समिति प्रमुख होंगे। इसी प्रकार जनपरिषद की महिला विंग गठित कर दायित्व सौंपे गए हैं।



ज्ञातव्य है कि जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था है, जो गत 35 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण सुधार और जागरूकता केंद्रित दस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। प्रदेश संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री रामजी श्रीवास्तव ने विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि जनपरिषद संस्था के इस समय पूरे देश में 210 से अधिक चैप्टर एवम् विदेशो में 6 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं। जनपरिषद संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। डॉ घनश्याम बटवाल के प्रांतीय जॉइन्ट सेक्रेटरी पद पर हुए मनोनयन पर दशपुर प्राच्य शोध संस्थान निदेशक पुराविद डॉ कैलाश चंद्र पांडेय, पूर्व आई जी पुलिस श्री अशोक सोनी, पूर्व संयुक्त संचालक जनसंपर्क श्री राजा दुबे, सेल्सटैक्स पूर्व जॉइन्ट कमिश्नर श्री जे सी आचार्य, नोस्सेना के पूर्व वाइस एडमिरल श्री जयवंत कोरडे, कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, सार्थक संस्था अध्यक्ष डॉ उर्मिला सिंह तोमर, सीनियर फिजीशियन डॉ विजय शंकर मिश्र, कृषि वैज्ञानिक श्री नरेंद्र सिंह सिपानी, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसोदिया, विधायक श्री विपिन जैन विधायक श्री हरदीपसिंह डंग विधायक श्री चंदरसिंह सिसोदिया पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, युवा कोन उपाध्यक्ष श्री सौमिल नाहटा, जिला धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष श्री सुभाष गुप्ता, संयोजक श्री विनोद मेहता, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल सोनगरा, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री ब्रजेश जोशी, सकल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्री दिलीप शर्मा लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री नरेंद्र त्रिवेदी, मानव अधिकार आयोग मित्र डॉ के एल राठौड़, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मदनलाल राठौड़, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सुराणा, रेडक्रॉस चैयरमेन श्री प्रितेश चावला अभय मेहता सुनील बंसल शिक्षाविद अजीजुल्लाह खालिद स्वच्छता एम्बेसडर श्री राजाराम तंवर, भारत विकास परिषद के घनश्याम पोरवाल, अजय शर्मा, मारवाडी संगठन के श्री दिलीप सेठिया, अभा.साहित्य परिषद अध्यक्ष श्री नरेंद्र भावसार, पेंशनर्स महासंघ सचिव श्री नन्दकिशोर राठौर, टीवी आर्टिस्ट श्री संजय भारती, फ़िल्म डायरेक्टर श्री प्रदीप शर्मा, धर्म धाम गीता..भवन ट्रस्ट सचिव श्री अशोक त्रिपाठी, व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री शरद धींग सिंधी पंचायत प्रमुख श्री वासु भाई सेवानी, काऊंसल जजवानी समाज सेवी नाहरूखान मेव श्री अरुण शर्मा, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष भंडारी, सचिव श्री कुलदीप सिंह चौहान, सी ए.चैप्टर सचिव श्री विकास भंडारी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री विनय दुबेला स्पिक मैके के श्रीमती चंदा अजय डांगी, श्री ब्रजेश मारोठिया, सचिन पारिख, श्री विक्रम विद्यार्थी, श्री अरविंद संघवी, श्री गोपाल गुरु एवम् अन्य गणमान्य नागरिकों संगठनों ने बधाइयां प्रेषित की हैं। आशा व्यक्त की है कि जनपरिषद के माध्यम से नगर और जिले में सेवा प्रकल्पों का लाभ सबको मिलेगा। नवनियुक्त जनपरिषद जॉइन्ट सेक्रेटरी डॉ घनश्याम बटवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी, महासचिव श्री रामजी श्रीवास्तव एवं वरिष्ठमार्गदर्शक मण्डल के प्रति आभार जताया है और विश्वास व्यक्त किया है कि मंदसौर जनपरिषद इकाई सेवा क्षेत्र में श्रेष्ठकार्य करेगी।

# उद्यानिकी महाविद्यालय में निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** उद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ अंकित पाण्डेय ने बताया की राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय एवं चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार उद्यानिकी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला के विशेष निर्देश अनुसार मतदाता जागरूकता के लिए महाविधालय अधिष्ठाता डॉ इंदर सिंह तोमर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ इंदर सिंह तोमर ने मतदान का महत्व बताते हुए बताया की भारत एक लोकतांत्रिक देश है जो की सविधान की स्वस्थ परंपरा के अनुसार विश्व में अपनी पहचान बना रहा है सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक अनिवार्य रूप से मतदान में भाग ले जिससे की अपने कर्तव्य में से एक मतदान का कर्तव्य निभा कर अपनी देश भक्ति का परिचय दे सके। चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है इसमें युवा जो महाविद्यालय में अध्यनरत है उन्हे विशेष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की कड़ी में जागरूकता रैली एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैली सीतामऊफाटक के अलग अलग हिस्सों में जागरण करती हुई पुन: उद्यानिकी महाविद्यालय में संपन्न हुई इसमें महाविधालय का स्टाफ छात्र उपस्थित रहे।

## राहुल जिला बदर

**नीमच, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत एक आरोपी को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी राहुल पिता जगदीश निवासी चड़ोली पुलिस थाना नीमच सिटी को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्वथ सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जै न, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व, सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

## पवन रैदास व गुफरान भाई जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिस अनुसार भीम आर्मी जिलाध्यक्ष पद पर पवन कुमार रैदास को तथा आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष पद पर गुफरान भाई को नियुक्ति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की कार्यकारिणी प्रदेश से लगाकर बुथ तक की भंग कर दी गई थी उसके बाद अब नई नियुक्तियां की गई है।

## नि:शुल्क योग शिविर 14 से 19 मई तक

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान, मंदसौर द्वारा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु योग गुरू श्री सुरेन्द्र जैन के सानिध्य में छ: दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन दिनांक 14 से 19 मई 2024 तक प्रात: 8 से 9 बजे तक नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन एवं सचिव लोकेन्द्र जैन ने बताया कि योग से बच्चों के शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक विकास होने में मदद मिलती है. उनके व्यक्तित्व में भी सुधार होता है, जिससे बच्चे पॉजिटिव और खुशी जीवन व्यतीत कर सकते है। योग से बच्चे के अंदर आत्मविश्वास व एकाग्रता में भी अभिवृद्धि होती है। कम्प्यूटर एवं मोबाइल के इस युग में बच्चों के दैनिक जीवन में योग अति आवश्यक है। इसी को ध्यान रखते हुए योग गुरू सुरेन्द्र जैन द्वारा बच्चों को योगाभ्यास कराने के साथ ही उसके फायदे बताये जायेंगे। इस शिविर 8 से 18 वर्ष के बालक/बालिका सम्मिलित हो सकेंगे। शिविर में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन आवश्यक होगा। रजिस्ट्रेशन अंतिम दिनांक 13 मई 2024 रखी गई है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्ति व जमा करने हेतु इच्छुक शिविरार्थी तपस्या फैशन, संजय उद्यान के पास, नई आबादी, मंदसौर या सोमानी स्टेशनरी गांधी चौराहा, मंदसौर एवं संगतानी गारमेंट्स, बालाजी मंदिर के पास, नेहरू बस स्टैंड, मंदसौर पर सम्पर्क कर सकते है। या अधिक जानकारी के लिये मो.नं. 9424807422, 9425938330, 9827722856 पर सम्पर्क कर सकते है।

# 13 मई मतदान करेगा नीमच-सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

## कलेक्टर एवं एसपी के नेतृत्व में नीमच में मतदाता जागरूकता वाहन रैली आयोजित



**नीमच, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में शतप्रतिशत मतदान के उद्देश्य् से जन जागरूकता के लिए 9 मई को नीमच शहर में वृहद मतदाता जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। इस रैली में 13 मई नीमच करेगा मतदान,सारे काम छोड़दो, सबसे पहले वोट दो, सबसे मतदान उसके बाद जलपान आदि मतदाता जागरूकता के नारों से नीमच शहर गूंज उठा। मतदाताओं में भी मतदान के प्रति अपार उत्सापह देखने को मिला।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एसपी श्री अंकित जायसवाल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के नृतत्व में यह मतदाता जागरूकता वाहन रैली मैसी शौरूम से प्रारंभ होकर बगीचा नं04, बगीचा नं. 10, बगीचा नं. 13, सांवलिया मंदिर, पुलिया, प्रताप चौक, मैन चौराहा, मौची मोहल्ला, पिपली चौक, भगवानपुरा चौराहा, इंदिरा नगर चौराहा, डाक बंगला चौराहा, स्पेन्ट् ग्वालटोली चौराहा, कलेक्टर चौराहा, शनि मंदिर, लायन्सन क्लब के पास से भुतेश्वर मंदिर होते हुए राजस्व कॉलोनी में से नारकोटिक्स आफिस के सामने से कलेक्टर बंगले के सामने सामने किलेश्वर मंदिर रोड, रेल्वे फाटक, बाबा रामदेव मंदिर, फतेह चौक से गणेश स्कूल रोड पुलिस चौकी के सामने से होली चौक, मूलचंद स्कूल के सामने, पुलिस के नीचे से अनाज मण्डी के सामने से चौकन्ना बालाजी मंदिर से अल्कोलॉयड फेक्ट्री के सामने से विजय टॉकिज चौराहा से गांधी वाटिका रोड होते हुए दशहरा मैदान पर आकर मतदाता जागरूकता मशाल प्रदर्शन के साथ रैली का समापन हुआ।

समापन अवसर पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने उपस्थितजनों को 13 मई को मतदान केंद्र पहुंच कर, मतदान करने की शपथ दिलाई। रैली के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने पीले चावल बांटकर मतदाताओं को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने का न्यौरता भी दिया गया। रैली में एसडीएम डॉ.ममता खेडे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों और मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रारंभ में कलेक्टर एवं एसपी ने मैसी चौराहे पर रैली का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री जैन, एसपी श्री जायसवाल ने जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के साथ वाहन में सवार होकर शहर में निकली इस रैली में भाग लिया और मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर 13 मई को मतदान अवश्य करने की अपील की।

## अभ्यर्थियों के लिए मतदान केंद्रों पर इलेक्शन बूथ स्थापित करने सम्बंधी निर्देश...

# मतदान केंद्र से 200 मीटर की परिधि में निर्वाचन प्रचार पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा

**नीमच, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों व्दारा इलेक्शन बूथ(अस्थायी कार्यालय) स्थाकपित करने के संबंध में आयोग के निर्देशानुसार कडाई से पालन करने के निर्देश जारी किए गए है। जिला निर्वाचन कार्यालय नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी व्दारा मतदान केंद्र से 200 मीटर परीधी में कोई अस्थायी कार्यालय नहीं खोला जाएगा। यदि एक लोकेशन पर एकाधिक मतदान केंद्र है तो उन उसके लिए एक ही बूथ स्थापित किया जायेगा। छाता या छोटा टेण्ट 10×10 फिट का, दो कुर्सी, एक टेबल तथा बैनर ही अपने बूथ पर लगा सकेंगे। बूथ स्थापना के इच्छुक उम्मीदवार को लिखित रूप में और अग्रिम रूप से आरओ को उन मतदान केन्द्रो के नाम एवं क्रम संख्या की जानकारी देना होगी जहाँ ऐसे बूथ स्थापित किए जाने है। बूथ स्थापना से पूर्व स्थानीय निकाय या ग्राम पंचायत से स्थानीय कानूनो के अधिन अनुमति लेनी होगी और बूथ पर नियुक्त व्यक्ति के पास अनुमति उपलब्ध रहना चाहिये।

ऐसे बूथ का प्रयोजन केवल मतदाता पहचान की अशासकीय पर्ची बॉटने का होगा। उक्त पर्ची सादे कागज पर होगी और उस पर अभ्यर्थी, पार्टी का नाम या प्रतीक नही होगा। यहाँ भीड़ जमा नहीं होने दी जायेगी तथा जिन्होंने मत दे दिया हैं वो यहाँ नही आएँगे (ऊंगली पर अमिट स्याही देखकर पहचान करें) बूथ पर नियुक्त व्यक्ति मतदान प्रक्रिया मे कोई व्यवधान पैदा नहीं करेगा। मतदाता को किसी प्रकार से प्रभावित नही करेगा, ना ही किसी मतदाता से मत देने या न देने सम्बंधी बात करेगा। उपरोक्त निर्देशों के उल्लंघन की दशा मे बूथ हटा दिया जायेगा तथा आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कि जायेगी। मतदान केन्द्र से 200 मीटर परिधि मे किसी प्रकार का चुनाव प्रचार प्रतिबन्धित रहेगा। मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि के अंदर आब्जर्वर, पुलिस अधिकारी आदि के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को मोबाइल ले जाने या उपयोग करने की अनुमती नही होगी। बूथ पर नियुक्त व्यक्ति उस मतदान केन्द्र का मतदाता होना चाहिये उसके पास ईपिक होना चाहिये तथा पुलिस अथवा मजिस्ट्रेट व्दा रा मांगने पर दिखाना होगा। राजनैतिक दल/अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिये की जिनका आपराधिक रिकॉर्ड हैं उन्हें बूथ पर नियुक्त नहीं किया जाए। बूथ की स्थापना के कारण यातायात में व्यवधान उत्पन्न नहीं किया जायेगा या मतदाताओं का यहाँ निरूद्ध नहीं किया जायेगी।

# सुधीर गुप्ता ने नगरी, सिंगोली, रतनगढ़, डिकेन नगर परिषद में जनसंपर्क किया

**मंदसौर/नीमच, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** मोदी सरकार ने 10 वर्षो में हर वर्ग को साथ लेकर काम किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे के दोहरीकरण, कृषि, सडक निर्माण, पर्यटन के साथ हर क्षेत्र में कार्य किया है। मोदी सरकार के प्रति और व्यवस्थाओं के प्रति गरीबों का विश्वास बढा है। गरीबों को सुविधाएं मिलने से वह गरीबी से बाहर आ रहे है। इसी का परिणाम है कि आज 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के मकान बनाने के सपनों को मोदी सरकार ने साकार किया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत संसदीय क्षेत्र में 81944 आवासों का निर्माण हुआ है। वही शहरी आवास योजना के अंतर्गत 15 हजार आवासों का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही आज 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख का इलाज निशुल्क मिल रहा है। किसानों को 6 हजार सम्मान निधी मिल रही है। मोदी सरकार की हर योजनाओं का हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत सडकों के निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर ही बदल गई है। यह बात भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने नगरी, सिंगोली, सरवनिया, अठाना नगर परिषदों जनसंपर्क के दौरान कही।

गुरूवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने सिंगोली नगर परिषद,रतनगढ नगर परिषद,डिकेन नगर परिषद, सरवनिया, अठाना नगर परिषद में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में 10 वर्षो में हर क्षेत्र मे कार्य हुआ है। नीमच रतलाम दोहरीकाण नीमच-चितोडगढ दोहरीकरण, रतलाम व्हाया जावरा मंदसौर, नीमच चितोडगढ विघुतीकरण, नीमच मंदसौर व शामगढ स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना में आधुनिकरण कार्य होने से क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तारीकरण होने



संसदीय क्षेत्र के लोग अब बडे शहरों से जुडेंगे। कृषि क्षेत्र में ससंदीय क्षेत्र में मल्हारगढ सिंचाई परियोजना, क्यामपुर सिंचाई परियोजना, सुवासरा-शामगढ सिंचाई योजना, रामपुरा मनासा सिंचाई परियोजना, भानपुरा नहर योजना से क्षेत्र की भुमि सिंचित होंगी। किसानों के हर खेत तक पानी पहुंचने से किसान हर प्रकार की फसल का उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनेगा।

**नगरी नगर परिषद पंचायत सम्मेलन आयोजित हुआ-**भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में 10 वर्षो में संसदीय क्षेत्र में कई विकास के कार्य हुए है। सुधीर गुप्ता जी ने हर क्षेत्र में कार्य किया है। आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। मोदी सरकार ने बीते 10 साल में विकास के मंत्र के साथ काम किया है। आगे भी इस मंशा से काम करेंगे। एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए संसदीय क्षेत्र से सुधीर गुप्ता को विजय दिलाना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल, व्यापारी प्रकोष्ठसंयोजक विजय सुराणा, मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि धनश्याम बग्गड, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश धाकड, हेमंत धनोतिया सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। जनसपर्क के दौरान भाजपा जिला महामंत्री अशोक विक्रम सोनी, विधानसभा संयोजक श्याम काबरा, भाजपा जिला मंत्री सतीश व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंभू धाकड़, जनपद अध्यक्ष गोपाल धाकड़,मंडल अध्यक्ष गोपाल धाकड़, जसवंत बंजारा, सिंगोली नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, रतनगढ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुगना गुर्जर, डीकेन नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण पाटीदार सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्तागण और आम नागरिकगण मौजूद थे।

## डीएम द्वारा धारा 144 के तहत संशोधित प्रतिबंधात्मक आदेश जारी...

# निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है वे 11 मई को शाम 6 बजे से निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगे

**नीमच, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट श्री दिनेश जैन व्दारा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 के तहत 13 मई 2024 मतदान दिवस को दृष्टिगत रखते हुए नीमच जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गये है। जारी संशोधित प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार आदेश की अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति समूह, संगठन, संस्था, राजनैतिक दल, अभ्यर्थी इत्यादि, विना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के किसी प्रकार की सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नहीं कर सकेगा, लेकिन अभ्यर्थियों द्वारा किये जाने वाले घर-घर जनसंपर्क कार्यक्रम, निजी वैवाहिक कार्यक्रम से संबंधित प्रोसेशन आदि इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। ऐसे व्यक्ति, जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, मतदान समाप्ति से 48 घण्टे की अवधि प्रारंभ होते ही (अर्थात दिनांक 11.05.2024 को सायं. 06.00 बजे से) निर्वाचन क्षेत्र छोड देंगे। उक्त 48 घण्टे की अवधि में लाउड स्पीकर मेगा फोन का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति, अभ्यर्थी अथवा राजनैतिक दल द्वारा किसी चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थाओं, मतदान केन्द्र से 200 मीटर क्षेत्र में पार्टी अभ्यर्थी का कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं होगी।

निर्वाचन प्रचार हेतु विभिन्न धार्मिक स्थल यथा मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्धारा आदि स्थानों का उपयोग नहीं किया जायेगा। लोक परिवहन, एम्बुलेंस, फायर सर्विसेस, शैक्षणिक संस्थाओं के वाहन, दूध, पानी, सब्जी आदि अनिवार्य सेवाओं में लगे वाहन तथा व्यक्तिगत रूप से व्यापार, व्यवसाय तथा अपने कर्तव्य पर जाने वाले व्यक्तियों व निर्वाचन पदाधिकारियों के वाहनों के परिवहन की छूट होगी। इस अवधि में अन्य वाहनों के परिवहन की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को जारी अनुमति प्राप्त वाहनों से मतदाताओं को परिवहन की अनुमति नहीं होगी। प्रचार प्रयोजन हेतु जारी समस्त वाहनों की अनुमतियॉ स्वत: निरस्त हो जाएगी तथा मतदान दिवस हेतु वाहनों की रिटर्निंग ऑफिसर से पृथक से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कोई भी मतदाता, मत की गोपनीयता को भंग नहीं करेगा। ऐसा करते पाए जाने पर योग्य वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मतदान केन्द्र के अंदर मोबाईल पूर्णतया वर्जित रहेगा। उल्लंघन की दशा में संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा मतदान केन्द्र पर भीड़ जमा नहीं होने दी जायेगी तथा मतदाताओं को वितरित की जाने वाली अशासकीय पहचान पर्ची सादे कागज पर होगी, जिस पर अभ्यर्थी का नाम, फोटो या दल का प्रतीक नहीं होगा। बूथ की स्थागपना हेतु स्थाथनीय निकाय से पूर्वानुमति लेकर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करना होगा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 40 | 2171 | 2208 |
| उडद | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 4700 | 4210 | 4828 |
| गैहु | 9500 | 2260 | 3120 |
| चना | 670 | 5201 | 6020 |
| मसुर | 275 | 4500 | 6010 |
| धनिया | 130 | 5001 | 7700 |
| लहसुन | 18000 | 5000 | 25000 |
| मैथी | 853 | 4301 | 5441 |
| अलसी | 1600 | 5300 | 5813 |
| सरसो | 263 | 4856 | 5033 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 94 | 11500 | 14400 |
| प्याज | 1000 | 350 | 1650 |
| कलोंजी | 3 | 17290 | 20000 |
| डॉलर | 32 | 6000 | 9352 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 5 | 2001 | 3701 |
| असालीया | 40 | 8601 | 10496 |

## आम चुनाव: चार दिन शेष

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** देश में चल रहे आम चुनाव के चौथे चरण में मंदसौर संसदीय सीट सहित मप्र की 8 लोकसभा सीटों पर मतदान में अब सिर्फ 4 दिन ही शेष बचे हैं। जबकि प्रचार के लिए नेताओं के पास सिर्फ 2 ही दिन हैं। इसलिए अब भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों का फोकस मालवा-निमाड पर है। लेकिन, इस चरण में राष्ट्रीय नेताओं की बडी सभाओं के बजाए प्रचार का जिम्मा अब स्थानीय नेताओं और प्रत्याशियों पर ही है। इस चरण में सर्वाधिक 5 आरक्षित सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें दो सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए और 3 सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। बता दें कि प्रदेश की 29 सीटों में से 10 सीटें आरक्षित हैं, जिनमें से आधी मालवा-निमाड की हैं।

### साईकिल रैली का आयोजन आज

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत साईकिल रैली का आयोजन किया गया है। साईकिल रैली का आयोजन 10 मई 2024 को प्रात: 8 बजे पशुपतिनाथ मंदिर घाट से महाराणा प्रताप चौराहा मंदसौर तक निकाली जाएगी।



# मामूली बारिश में शहर हुआ पानी-पानी

### मई की बारिश ने दिखाया जुलाई-अगस्त का आईना, गुरुवार को भी बादल छाए रहे, बारिश हुई

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को बेमौसम हुई कुछ देर की बारिश ने ही जुलाई-अगस्त में बनने वाली स्थिति का आईना दिखा दिया था। शहर में कई जगहों पर पानी जमा हो गया। यह स्थिति तब बनी जब मई माह में सिर्फ 15-20 मिनट तेज बारिश हुई। जबकि वर्षाकाल में शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को चार या पांच घंटे या पूरा दिन लगातार बारिश का सामना भी करना पडा सकता है।

### रियासत काल में शुरू हुई थी नालियां बनना...

मंदसौर में सर्वाधिक शासन ग्वालियर रियासत का रहा है। वर्ष 1905 में 1920 के बीच विकसित हुए शहर के जीवागंज सहित घनी बस्तियों वाले क्षेत्रों में खुली ड्रेनेज लाइन व गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां बनाई गई थी। आजादी के बाद से नालियों का जाल पूरे शहर में बिछाया गया। वहीं, जरूरत के मुताबिक प्राकृतिक नालों को पक्के नालों में परिवर्तित किया गया। पुराने शहर में घरों के सामने ही वी-शेप की नालियां बनाई गई थी, जो आज भी वैसी ही है। बता दे की

दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों को देखें तो मंदसौर में सड़को की लंबाई लगभग सवा सौ किलोमीटर है। इन सड़को के मुकाबले केवल 30 किलोमीटर ड्रेनेज लाइन ही बिछी हुई है। यानी लगभग 25 फीसद एरिया में ही ड्रेनेज का कवरेज है। भूमिगत जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। पानी, सड़क किनारे खुली नालियों, नालों के माध्यम से सीधे शिवना नदी में जाकर ही मिलता है।

जानकारों की माने तो मंदसौर में लगभग 20 से अधिक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां थोड़ी-सी बारिश होते ही जल-जमाव हो जाता है। 2019 में शहर में हुई 84 इंच बारिश में जिन इलाकों में अच्छा-खासा पानी भरा था। वह इस बार की 20 इंच बारिश में भी वैसा ही रहा। शहर के छह प्रमुख जल-जमाव वाले क्षेत्र यह है।

### यह कमियां दूर होना चाहिए...

✲ मोहल्लों व कालोनियों में बनी छोटी-छोटी नालियों की चौड़ाई व गहराई बढ़ानी चाहिए। ✲ बारिश व सीवरेज का पानी बाहर निकालने के लिए बने 10 बड़े नाले की हर माह सफाई होना चाहिए। ✲ प्रत्येक कॉलोनी में बनने वाली नालियों को आस-पास की कॉलोनियों से जोड़कर ही बनाना चाहिए। ताकि एक व्यवस्थित ड्रेनेज लाइन तैयार हो सके।

# अफीम तस्करी करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास व जुर्माना

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश महोदय एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी बालमुकुन्द पिता कंवरलाल राठौर उम्र 38साल निo ग्रo लसुडावन थाना अफजलपुर जिला मंदसौर को अफीम तस्करी करने का दोषी पाते हुए 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 25 हजार रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 23.02.2017 को थाना कोतवाली पर पदस्थ सब इंस्पेक्टर वीरसिंह देवडा मुखबिर सूचना मिली कि दो व्यक्ति मादक पदार्थ अफीम खरीदकर उसे सफेद रंग के थैले में भरकर हीरो होंडा मोटरसाईकिल से दलौदा होते हुए मंदसौर किसी तस्कर को देने जाने वाले है यदि पुरातत्व संग्रहालय के सामने रोड पर तत्काल नाकाबंदी की जाए तो अफीम सहित उन्हे पकडा जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने से एसआई वीरसिंह मय फोर्स के पुरातत्व संग्रहालय मंदसौर जावरा हाईवे पहुंचे और नाकाबंदी की थी, थोडी देर बाद दलौदा तरफ से मुखबिर के बताये हुलिये के दो व्यक्ति हीरो होंडा मोटरसाईकिल पर आते हुए दिखे थे जिन्हें हमराह फोर्स की मदद से रोका था दोनों आरोपियों के बीच में मोटरसाईकिल पर एक सफेद रंग का थैला रखा था मोटरसाईकिल से नीचे उतारकर नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम बालमुकुंद बताया तथा दूसरे ने बालक आर बताया था। तत्पश्चात उन्हें मुखबिर सूचना से अवगत कराया और तलाशी लेने की बात कही आरोपीगण के आधिपत्य के सफेद रंग के थैले की तलाशी लेने पर उसके अंदर एक गुलाबी रंग की पॉलीथिन की थैली मिली थी जिसका मुंह सुथली से बंधा था जिसे खोलकर देखने पर उसके अंदर काला मटमैले रंग का पदार्थ भरा हुआ था जिसे सूंघकर चखकर देखने पर अफीम होना पाया गया। आरोपीगण से अफीम लाने ले जाने के परमिट आदि का पूछते उनके द्वारा नहीं होना बताया। उक्त मादक पदार्थ अफीम का तौल इलैक्ट्रॉनिक तराजू कांटे से किया गया तो अफीम का कुल वजन 1 किलो 200 ग्राम होना पाया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 8/18 एनडीपीएस के तहत दंडनीय होने से आरोपीगण को गिरफ्तार कर मौके की संपूर्ण कार्यवाही पश्चात मय जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त कर थाने पर वापसी उपरांत आरोपीगण के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया व संपूर्ण अनुसंधान उपरांत माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दोषसिद्ध किया।

नोट- बालक आर. नाबालिग होने से उसके विरुद्ध किशोर न्याय बोर्ड में कार्यवाही की गई। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन एडीपीओ दीपक जमरा द्वारा किया गया।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी नीमच एवं मंदसौर जिले में सभाएं व रोड शो करेंगे

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री जीतुजी पटवारी 10 मई शुक्रवार को मंदसौर संसदीय क्षेत्र में सभाये एवं रोड शो करेगे। पीसीसी सुप्रीमो श्री पटवारी मंदसौर जिले के शामगढ, नीमच जिला मुख्यालय में सभा एवं जनसंपर्क करने के साथ ही मंदसौर में रोड शो कर कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिलीपसिंहजी गुर्जर को विजय बनाने की अपील करेगे। इस दौरान उनके साथ पूर्व सांसद मीनाक्षीजी नटराजन, राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री रहे श्री उदयलाल आंजना, लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्र नाहटा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व मंत्री श्री सुभाष सोजतिया, नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री अनिल चैरसिया, पूर्व विधायकगण श्री नंदकिशोर पटेल, श्री सम्पतस्वरूप जाजु, श्री नवकृष्ण पाटील, श्रीमती पुष्पा भारतीय, श्री भारतसिंहजी दीपाखेडा सहित अनेक वरिष्ठ नेतागण उनके साथ रहेगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री पटवारी इंदौर से प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे शामगढ पहुंचकर जनसभा को संबोधित कर जनसंपर्क कार्यक्रम में भागीदारी करेगे। इसके उपरांत श्री पटवारी दोपहर 1 बजे नीमच में जनसंपर्क करते हुये सभा को संबोधित करेगे। सायं 4 बजे मंदसौर में गांधी चैराहा से रोड शो में भागीदारी कर कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिलीपसिंहजी गुर्जर को विजय बनाने की अपील करेगे। अत: समस्त कांग्रेसजनो एवं आम नागरिको से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में श्री पटवारी की सभा एवं जनसंपर्क एवं रोड शो आयोजन में भागीदारी करे।

### चार धाम यात्रा से पहले उत्तराखंड में तबाही...

# बागेश्वर में बादल फटे, उत्तरकाशी में गिरे ओले

**देहरादून, 9 मई।** उत्तराखंड में स्थित केदारनाथ धाम की यात्रा 10 मई से शुरू हो जाएगी, जिसके लिए लाखों लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है और श्रद्धालु धीरे-धीरे पहुंचने लगे हैं। इस बीच प्रदेश के अलग-अलग जिलों में मौसम ने करवट ले लिया है। जगह-जगह बारिश और ओले गिरने की खबरें सामने आ रही हैं। अल्मोड़ा-सोमेश्वर क्षेत्र में बादल फटने की खबर सामने आई है। वहीं अल्मोड़ा-कौसानी हाईवे पर मलबा आ गया है, जिसके चलते पिछले 12 घंटे से हाइवे बंद है। हालांकि बारिश के चलते जंगलों में लगी आग पर बहुत हद तक काबू पा लिया गया है। लेकिन बदलते मौसम से पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा के अलावा बागेश्वर में बादल फटा है और पुरोला उत्तरकाशी में जमकर ओले गिरे हैं। बादल



फटने के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। वहीं आईएमडी ने 13 मई तक उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी ने यात्रियों को बारिश के दौरान पहाड़ की यात्राओं पर जाने से बचने की अपील की है। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मॉनसून आपदा न्यूनीकरण और चारधाम प्रबंधन पर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। वहीं रुद्रप्रयाग में बीते बुधवार को हुई बारिश के चलते जंगल में लगी आग बुझ गई है। बारिश के चलते गंगोत्री हाइवे पर जगह-जगह जलभराव देखने को मिला है। बागेश्वर और टिहरी जिले में भी बारिश का असर दिखा है, जिसके चलते जंगल की आग काबू में हो गई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक आज राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बादलों का डेरा रहने के आसार है। देहारदून सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बौछारें पड़ने के साथ ही ओलावृष्टि भी हो सकती है।

# तमिलनाडु के शिवकाशी पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, पांच महिलाओं समेत आठ मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली, 9 मई।** तमिलनाडु में गुरुवार को भयंकर विस्फोट की खबर सामने आई है। शिवकाशी के पास एक पटाखे की फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में 8 लोगों की जान चली गई। विरुधुनगर जिले के कलेक्टर जयसेलन ने बताया कि शिवकाशी के पास पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई।

**धमाके में कई लोग झुलसे**–इस ब्लास्ट में 12 लोग झुलस गए। पुलिस ने कहा कि इस बात की जांच कर रहे हैं कि किस कारण से विस्फोट हुआ है। शिवकाशी देश में पटाखा बनाने का केंद्र है। इस स्थान की पटाखों, माचिस और स्टेशनरी सामानों के उत्पादन में बड़ी हिस्सेदारी है।

**जख्मी लोगों को अस्पताल पहुंचाया**–ये विस्फोट शिवकाशी के सेंगमलापट्टी इलाके में हुआ। दोपहर करीब पौने तीन बजे पटाखों की फैक्ट्री में भीषण धमाका हुआ। जिसमें कई लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

**मलबे में फंसे लोगों को किया रेस्क्यू**–बताया जा रहा कि कुछ मजदूर



मलबे में फंसे हैं। उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू किया जा रहा है। धमाका इतना तेज था कि लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। फरवरी 2024 में भी रामुथेवनपट्टी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई थी। यह हादसा तब हुआ जब कर्मचारी पटाखों में रसायन मिला रहे थे।

# अक्षय तृतीय को खरीदी गई वस्तुओं में होती है अनंत वृद्धि

**ग्वालियर, 9 मई।** अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 10 मई दिन शुक्रवार को मनाई जाएगी।अक्षय तृतीया को धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हर कार्य के लिए बहुत शुभ मुहूर्त माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन कई पौराणिक घटनाएं हुई थीं, इसलिए इसे एक अबूझ मुहूर्त के तौर पर माना जाता है।इस दिन सोने चांदी की खरीद करना बहुत ही शुभ होता है। इस दिन खरीदी गई किसी भी वस्तु में अनंत वृद्धि होती है।

**भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था**–मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के परशुराम अवतार का जन्म हुआ था। अक्षय तृतीया के दिन ही युधिष्ठिर को कृष्णजी ने अक्षय पात्र दिया था। जिसमें कभी भी भोजन समाप्त नहीं होता था और इसी पात्र से युधिष्ठिर अपने जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाते थे। इसलिए अक्षय तृतीया के दिन दान पुण्य करने का भी विशेष महत्व माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन से त्रेतायुग का भी आरंभ हुआ था। इसी शुभ दिन पर गंगा का अवतरण भी धरती पर हुआ था। इतनी विशेषताओं की वजह से अक्षय तृतीया के दिन को साल का सबसे शुभ मुहूर्त माना जाता है।

**अक्षय तृतीया का शुभ मुहूर्त**–अक्षय तृतीया 10 मई, शुक्रवार को सुबह चार बजकर 17 मिनट पर होगा और इसका समापन 11 मई के दिन सुबह 2 बजकर 50 मिनट पर हो जाएगा। अक्षय तृतीया का शुभ मुहूर्त 10 मई के दिन सुबह पांच बजकर 49 मिनट से दोपहर 12 बजकर 23 मिनट के बीच है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में किए गए हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

# किसानों को फसलों के उचित दाम मिले इसके लिए एमएसपी गारंटी कानून लाया जाएगा-गुर्जर

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस पार्टी के मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री दिलीप सिंह गुर्जर ने गुरुवार को मंदसौर कृषि उपज मंडी में जनसंपर्क किया एवं मण्डी परिसर स्थित बालाजी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिय। इस दौरान श्री गुर्जर ने कृषि उपज मंडी में उपज लेकर आए किसानों से उनकी विभिन्न समस्याओं के बारे में बात की व श्री गुर्जर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तब किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिले इसके लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी। वही किसानो की कर्ज माफी पूरे देश में की जाएगी श्र किसानों के कृषि यंत्र जीएसटी मुक्त होंगे। प्रत्येक परिवार को 25 लख रुपए तक का इलाज अस्पताल में निशुल्क होगा। इसी दौरान श्री गुर्जर ने मंडी में व्यापारियों से मुलाकात



कर श्री गुर्जर ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी हमेशा से व्यापारियों के साथ छलावा कर उनके ऊपर अनेक जीएसटी टैक्स लगा कर व्यापारियों को रोजाना हिसाब किताब रखने पर मजबूर कर दिया कर दिया जिससे व्यापारी बहुत परेशानी में है। वही कृषि उपज मंडी में व्यापार करने में आ रही दिक्कतो व व्यापारियों को जीएसटी संबंधित आ रही परेशानियो को केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर इससे दूर किया जाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री चौहान एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा मंदसौर संसदीय क्षेत्र में प्रवास पर

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का प्रचार प्रसार युद्ध स्तर पर जारी है। इसी क्रम में आज 10 मई को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठनेता एंव मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संभावित कार्यक्रम अनुसार दोपहर 12:30 बजे नीमच जिले की जावद विधानसभा के जावद नगर परिषद में एंव दोपहर 02 बजे मंदसौर जिले की मंदसौर विधानसभा के भाजपा दलौदा मंडल की नगरी नगर परिषद में जनसंपर्क कर आमसभा को संबोधित करेगें। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कार्यक्रम अनुसार दोपहर 03 बजे नीमच जिले की जावद विधानसभा के सरवानिया महाराज नगर परिषद में रोड शो कर आमसभा को संबोधित करेगें।



# डीएम द्वारा दो आरोपियों को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3(क) के तहत आरोपी ताराचंद पिता छगनलाल मीणा निवासी चीताखेड़ा, थाना जीरन एवं आरोपी आशुतोष उर्फ आशु पिता रामेश्वर शर्मा निवासी कुमारिया वीरान स्टेशन रोड़ बघाना, थाना बघाना, को तीन-तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए संबंधित पुलिस थानें में सप्ता ह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।



# सामान्य प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने किया गांधीसागर एवं नीमथुर चेक पोस्ट का निरीक्षण

**मंदसौर, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी एवं कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने गांधी सागर एवं नीमथुर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। चेकिंग के दौरान पकडे जाने वाले राशि, मादक पदार्थों और अन्य सामग्रियों का संधारण रजिस्टर मे अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। रिलीज होने वाले राशि की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए गये। वाहनों की सघन चेकिंग करें एवं वीडियोग्राफी भी जरूर करें। कोई भी वाहन बिना चेकिंग के न जाएं इसका विशेष तौर पर ध्यान रखें।


### ✲ उठावना ✲

अत्यंत दुख के साथ लिखने में आता है कि स्वर्गीय गोपाल जी विजयवर्गीय के छोटे भाई श्री अशोक कुमार जी विजयवर्गीय की धर्मपत्नी एवं पवन, प्रवेश व मनीष की काकीजी एवं सुशील विजयवर्गीय की पूज्य माताजी श्रीमती सुधा देवी विजयवर्गीय का आकस्मिक निधन दिनांक 08.05.2024 को हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 10/05/24 शुक्रवार को दोप. 1 बजे जैन स्थानक भवन, गोर्वधन नाथ मंदिर के पास जीवागंज पर रखा गया है।



✲✲✲ शोकाकुल ✲✲✲

**बंसीलाल, दाऊभाई, भगवानदास, नरेंद्र एवं समस्त विजयवर्गीय बस्सीवाल परिवार मंदसौर**

### ✲संयुक्त उठावना✲

दुख के साथ लिखते है कि स्व. कन्हैया लाल जी एवं स्व. शांतिलाल जी के ज्येष्ठ पुत्र व कैलाशचंद्र जी एवं स्व. रमेश जी के बडे भाईसाहब व मनीष, देवेंद्र, अंकित के बड़े पिताजी व ईशान, लव के दादाजी एवं कुशाग्र, प्रियांश के नाना जी व स्व. सत्यनारायण जी, स्व. प्रहलादराय जी के दामाद व रामप्रसाद, ओमप्रकाश, स्व. नंदकिशोर, स्व. अशोक, विनोद, सुभाष, दिलीप, संजय के जीजाजी श्री मोहनलाल जी गर्ग तेल वाले का स्वर्गवास दिनांक 8 मई बुधवार को हो गया जिनका संयुक्त उठावना दिनांक 10 मई शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन मांगलिक भवन नरसिंहपुरा पर प्रात: 11 बजे होगा।



✲✲✲ शोकाकुल ✲✲✲

**कैलाशचंद्र गर्ग (तेलवाला परिवार)**
**रामप्रसाद गोयल (गरोठ परिवार)**


## महाविद्यालय में मतदान को लेकर दिलाई शपथ

**पिपलियामंडी, 9 मई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय पिपलिया की एनएसएस इकाई व स्वीप क्लब ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई। वहीं वोटर हेल्पलाइन की एप् की जानकारी दी। इस अवसर पर मवि के जेसी पंवार, निशा जटिया, ममता चोहान, राजेन्द्र यादव, दयानंद पाटीदार, राजीवसिंह, विजय शर्मा, गोविन्द तंवर आदि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को आस-पडोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने व बिना लोभ, लालच के मतदान करने के लिए जागरुक किया।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.C-43 श्रीमती शांता पण्डित पिता श्री शिवलाल पण्डित को नामांतरण मण्डल आदेश क्रमांक 3668 दिनांक 10.09.1988 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख 30.07.2002 को उप- पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्रीमती शांता पण्डित पिता श्री शिवलाल पण्डित का स्वर्गवास दिनांक 26.03.2015 को हो चूका था। श्रीमती शांता पण्डित पिता श्री शिवलाल पण्डित द्वारा अपने जीवनकाल में रजिस्टर्ड वसीयत श्रीमती रजनी पण्डित पति श्री मिथिलेश पण्डित को कर दिनांक 03.11.2014 उप-पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्रीमती रजनी पण्डित पति श्री मिथिलेश पण्डित रजिस्टर्ड वसीयत एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहती है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक LIG.C-43 का नामान्तरण श्रीमती रजनी पण्डित पति श्री मिथिलेश पण्डित के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना (मृत्यु उपरान्त)**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधीनगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.SR-07 श्रीमती श्यामा देवी मालवीय पति श्री रमेश चन्द्र मालवीय को मण्डल आदेश क्रमांक 860 दिनांक 15.10.2015 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 25.04.2016 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित किया गया था। श्रीमती श्यामा देवी मालवीय पति श्री रमेश चन्द्र मालवीय का स्वर्गवास दिनांक 20.10.2020 को हो जाने से इनके पुत्र श्री अनिल मालवीय पिता श्री रमेश मालवीय अपने पिता श्री रमेशचन्द्र मालवीय पिता श्री रतनलाल मालवीय एवं अपनी दोनों बहनों श्रीमती रीना देवी मालवीय पति श्री बबलू मालवीय एवं कु. राधा मालवीय पिता श्री रमेशचन्द्र मालवीय की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री अनिल मालवीय पिता श्री रमेशचन्द्र मालवीय अपने नाम करवाना चाहते हैं।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक LIG.SR-07 गांधीनगर मंदसौर का नामान्तरण श्री अनिल मालवीय पिता श्री रमेशचन्द्र मालवीय के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटीयानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.I-345 श्री अशोक कुमार पाटनी पिता श्री चांदमल पाटनी को मण्डल आदेश क्रमांक 307 दिनांक 16.02.1993 द्वारा आवंटित किया गया था। भवन का विक्रयविलेख दिनांक 29.12.1993 उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री अशोक कुमार पाटनी पिता श्री चांदमल पाटनी के मु.आ. श्रीमती शोभा बोदरिया पति श्री छगनलाल बोदरिया द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री मुश्तकीन पिता श्री मोहम्मद अनवर को कर विक्रय पत्र दिनांक 31.05.2000 को पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री मुश्तकीन पिता श्री मोहम्मद अनवर द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री शाबीर पेमला पिता श्री मोहम्मद पेमला को कर विक्रय पत्र दिनांक 05.01.2008 को पंजीबद्ध करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री शाबीर पेमला पिता श्री मोहम्मद पेमला अपने नाम करवाना चाहते है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामांतरण श्री शाबीर पेमला पिता श्री मोहम्मद पेमला के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in